प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
जालौन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांक 1052 / एम-49 / 58 दिनांक 30-04-2026

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक हिन्दुस्तान उरई दिनांक 29.04.2026 में प्रकाशित समाचार का शीर्षक '' टयूबवेल बना पर मोटर नहीं, पाइप लाइन फटी और सड़के खुदी '' के माध्यम से प्राप्त शिकायत के निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र **दैनिक हिन्दुस्तान उरई** दिनांक 29.04.2026 में प्रकाशित समाचार का शीर्षक **'' टयूबवेल बना पर मोटर नहीं, पाइप लाइन फटी और सड़के खुदी''** में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विकासखण्ड कदौरा के जौराखेरा ग्राम में मोटर स्थापित किए जाने, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत एवं रोड रेस्टोरेशन के सम्बन्ध में खबर प्रकाशित हुई है। योजना का विस्तृत विवरण निम्नवत है:–

**जौराखेरा नलकूप आधारित पेयजल योजनाः–** जल जीवन मिशन ''हर घर जल'' कार्यक्रम में जौराखेरा नलकूप आधारित पेयजल योजना के अन्तर्गत कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी मै0 बी0जी0सी0सी0 प्रा0लि0 नई दिल्ली द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत 01 नग नलकूप (क्षमता 350 LPM), 01 नग पम्प हाउस, 01 नग अवर जलाशय (क्षमता 100 के0एल0/12मी0 स्टेजिंग), 01 नग स्टॉफ क्वार्टर, 01 नग पम्पिंग प्लान्ट (10 एच0पी0) के कार्य एवं अन्य तत्सम्बन्धी कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष नलकूप अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण जा चुका है। पम्प हाउस एवं स्टॉफ क्वार्टर निर्माण का कार्य 60 प्रतिशत किया जा चुका है तथा अवर जलाशय का कार्य 70 प्रतिशत है एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी 1200 मीटर सड़क का पुनर्स्थापना का कार्य किया जाना शेष है, जिसे मोटरेबल किया जा चुका है तथा सड़क पुनर्स्थापना का कार्य टेस्टिंग एवं कमिशनिंग करते हुए 30.06.2026 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

ग्राम में 30.06.2026 तक जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना लक्षित है।

खण्ड कार्यालय के सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर को स्थलीय निरीक्षण कर कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तर्गत किये जाने हेतु नियमित अनुश्रवण एवं विकासखण्ड कदौरा के ग्राम जौराखेरा में समस्त शेष कार्य को पूर्ण किये जाने हेतु कार्यकारी फर्म को उक्त को अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

(ए0के0 गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 व दिनांक–यथोपरि**

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner

Apr 29, 2026 10:41 pm IST

Newswrap हिन्दुस्तान, उरई

Preferred

Orai News - आटा। संवाददाता कदौरा ब्लॉक के जोराखेरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत किए

Story continues below advertisement

Scanned with OKEN Scanner




आटा। संवाददाता कदौरा ब्लॉक के जोराखेरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों की जमीनी हकीकत बेहद खराब नजर आ रही है, जहां ट्यूबवेल तो बना दिया गया लेकिन आज तक उसमें मोटर नहीं डाली गई है, जिससे पूरी योजना ठप पड़ी हुई है। वहीं मुख्य पाइप लाइन कई जगहों पर फटी और क्षतिग्रस्त पड़ी है, जिससे पानी आपूर्ति शुरू होना तो दूर व्यवस्था ही सवालों में घिर गई है।पाइप लाइन डालने के नाम पर गांव की सड़कों को जगह-जगह से खोद दिया गया, लेकिन न तो उनकी मरम्मत कराई गई और न ही पानी की सप्लाई शुरू हो सकी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

Story continues below advertisement

जगपाल, भरत कुमार, बाल्मीक श्रीवास, धमेंद्र और रोहित का कहना है कि कई बार शिकायत करने के



Scanned with OKEN Scanner

बावजूद जिम्मेदार जेई और अधिकारी इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द ट्यूबवेल में मोटर डलवाई जाएं, फटी और क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को ठीक कराया जाए तथा खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराकर पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू कराई जाए ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

विज्ञापन

लेखक के बारे में
**Hindustan**
हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की है।
...और पढ़ें

लेटेस्ट Hindi News, बॉलीवुड न्यूज, बिजनेस न्यूज, टेक, ऑटो, करियर, और राशिफल, पढ़ने के लिए Live Hindustan App डाउनलोड

**You May Like**

**Bahadurganj: Best Public Speaking Course for Children**
Start Your Child's English Transformation Now!
Planet Spark
Learn More

**Indians over 65 are switching from hearing aids to this new device.**
Recommended by audiologist
Hearing Aids
Learn More

**पत्नी, तीन साल का बेटा, एक साल की बेटी; सुल्तानगंज में मारे गए EO कृष्ण भूषण के परिवार में और कौन?**
EO Krishna Bhushan Murder: सुल्तानगंज में ईओ कृष्ण भूषण की हत्या से परिवार सदमे में है। वे अपने पीछे पत्नी, 3 साल के बेटे और एक साल की बेटी को छोड़ गए हैं। पैतृक घर पर सन्नाटा पसरा है।, Bihar Hindi News - Hindustan
Live Hindustan

Promoted Links by Taboola

Scanned with OKEN Scanner